# FIRST INFORMATION REPORT
**(Under Section 154 Cr.P.C.)**

**प्रथम सूचना रिपोर्ट**

**(धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत)**

1. **District (जिला):** Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Ambala **Year (वर्ष):** 2023

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0021 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 23/08/2023 19:50 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |
| 2 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7A |
| 3 | IPC 1860 | 120-B |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** **Date from (दिनांक से):** **Date To (दिनांक तक):**

**Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** **Time To (समय तक):**

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 23/08/2023 **Time (समय):** 19:50 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 009 **Date and Time (दिनांक और समय):** 23/08/2023 19:50 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** EAST, 5 Km(s) **Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):** बलदेव नगर,अम्बाला

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** गुरविन्द्र सिंह

(b) **Father's/Husband's Name (पिता/पति का नाम):**

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 1983 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address (पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | **2184/43ए, बलदेव नगर, अम्बाला शहर, BALDEV NAGAR, AMBALA, HARYANA, INDIA** |
| 2 | **Permanent Address** | **2184/43ए, बलदेव नगर, अम्बाला शहर, BALDEV NAGAR, AMBALA, HARYANA, INDIA** |

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):**

7. **Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जसबीर एस.ए. | | | 1. एस ए बलदेव नगर,अम्बाला शहर,BALDEV NAGAR,AMBALA,HARYANA,INDIA |
| 2 | विशाल | | | 1. अम्बाला, AMBALA,HARYANA,INDIA |
| 3 | महेशू | | | 1. अम्बाला, AMBALA,HARYANA,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

12. **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

श्री मान जी, नकल लेख निम्न प्रकार से है-

सेवा में

INSPector Sahib,
Anti Corruption Bureau,
Ambala

श्री मान जी,

निवेदन है कि मैं गुरविन्द्र सिहं पुत्र श्री सविन्द्र सिहं वासी H.No 2184/43-A, Baldev Nagar, अम्बाला शहर का रहनें वाला हूं व प्राईवेट गाड़ी पर ड्राईवर का काम करता हूं । इससे पहले मैनें कुछ समय बलदेव नगर में शराब के ठेके पर बतौर इन्चार्ज नौकरी की है और मैनें माह अप्रैल से शराब के ठेके से नौकरी छोड़ दी थी और फिर से अब प्राईवेट गाड़ी पर ड्राईवर का कार्य कर रहा हूं । जब मैं बलदेव नगर शराब के ठेके पर बतौर इन्चार्ज कार्य करता था तो मैंनें अपनें जानकारों को उनके कहने पर ठेकेदार से शराब की पेटी कम रेट में दिलवा देता था। इस बारे में थाना बलदेव नगर में कार्यरत Jasbir S.A. को भी पता था । वह भी कभी-कभार मेरे को अपनें जानकारों को थोक में शराब की पेटी दिलवानें बारे कहता था तो मैं उसे कम रेट पर शराब की पेटी दिलवा देता था। मेरे वहां से नौकरी छोड़नें के बाद जसबीर मेरे को कहने लगा कि तूं अब भी थोक में शराब की पेटी लेकर बेचता है, जो कि गैर कानूनी है, यदि अब तूनें यह काम करना है तो इस काम करने की एवज में मेरे को हर महीनें रिश्वत की राशि देनी होगी। अगर तूनें मेरे को रिश्वत की राशि हर महीनें न दी तो मैं तुझे शराब बेचने के जुर्म में अन्दर करवा दूंगा । तब मैनें उसको बताया कि जब से मैनें बलदेव नगर शराब के ठेके से नौकरी छोड़ी है तब से मैनें कभी भी शराब बेचने का काम नही किया है और मैं अब प्राईवेट गाड़ी चलाता हूं । जिस पर उसनें कहा कि मै तेरे को काफी समय से जानता हूं और तेरे कहनें से मैं यह नही मान सकता कि तूं थोक में शराब नही बेचता है। क्योंकि इसके बारे में मेरे को मेरे आदमी बताते हैं फिर भी मैनें Jasbir S.A. को प्रत्येक माह रिश्वत की राशि देने से मना कर दिया क्योंकि मैं जानता हूं कि मैं यह काम नही करता । दिनांक 08.08.2023 को Jasbir S.A. थाना बलदेव नगर नें विशाल जो कि Baldev Nagar का ही रहनें वाले हैं, को मेरे पास भेजा और विशाल कहने लगा कि Jasbir S.A. तेरे से शराब बेचने की एवज में 10,000/- रूपये रिश्वत मांग रहा है और कह रहा है कि यदि पैसे न दिये तो वह शराब का झूठा पर्चा डलवा देगा और तेरे को अन्दर करवा देगा लेकिन मैनें उस दिन भी Vishal को रिश्वत की राशि देने से मना कर दिया था।

दिनांक 09.08.2023 को शाम लगभग 7 बजे Vishal urf Shinu व महेशू दोनों मेरे पास आये और Vishal मुझे कहने लगा कि Jasbir S.A. कह रहा है कि उसनें 30 पेटी शराब की पकड़ी थी जिसमें से उसनें 18 पेटी का पर्चा दिलवा दिया है और बाकी 12-14 पेटी शराब का पर्चा तेरे उपर डालेगा । जिस पर मैं डर गया कि कहीं Jasbir S.A. मेरे उपर शराब बेचने का झूठा केस न बनवा दे जो मैनें मजबूरी वश 10,000/- रूपये देने के लिये हां भर दी थी । अब Vishal urf Shinu व महेशू मेरे से Jasbir S.A. के कहने पर बार-बार शराब बेचने का पर्चा दर्ज न करवाने की एवज में 10,000/- रूपये रिश्वत राशि की मांग कर रहे हैं । मुझे डर है कि यदि मैनें यह 10,000/- रूपये Jasbir S.A. थाना बलदेव नगर को नही दिये तो वह मेरे खिलाफ शराब बेचने का झूठा पर्चा दर्ज करवा देगा ।मैं अब तक Shinu व महेशू को पैसे देने के लिये टाल रहा था लेकिन ये बार-2 मुझसे Jasbir S.A. के लिये 10,000/- रूपये रिश्वत राशि की मांग कर रहे है । मैं 10,000/- रूपये रिश्वत की राशि जसबीर एस.ए. को नही देना चाहता और इन सबको 10,000/- रूपये देकर रंगे हाथ पकडवाना चाहता हूँ। मैनें मन्थली राशि की मांग करने से सम्बंधित बात-चीत की रिकार्डिग की हुई है जो मैं आपको बाद में पेश कर दूंगा। मैनें अपनी दरखास्त के साथ 500-500 रूपये के 20 करंसी नोट कुल10,000/- रूपये आपको पेश कर दिये है। जसबीर एस.ए. थाना बलदेव नगर व दलालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाये।

Sd. (Ginda) urf Gurvinder Singh s/o Savinder Singh
H.No. 2184/43A, Baldev Nagar
Ambala City
M.B. 97292-09856
Date –23/08/2023

कार्यवाही पुलिसः आज दिनांक 23.08.2023 को मन निरीक्षक हाजिर कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला हूं कि गुरविन्द्र सिहं पुत्र श्री सविन्द्र सिंह वासी वासी म.न. 2184/43-ए, बलदेव नगर, अम्बाला शहर नें हाजिर कार्यालय आकर एक स्वंय लिखित दरखास्त बाबत शराब बेचने का पर्चा न देने की एवज में रिश्वत राशि 10,000/- रूपये मांगने बारे जसबीर एस.ए. थाना बलदेव नगर, विशाल उर्फ शीनू व महेशू के विरूध मन निरीक्षक को पेश की। जिस पर मन निरीक्षक द्वारा शिकायतकर्ता से रेड करवाने बारे पूछताछ की और सन्तुष्ट होने उपरांत तथा उच्चाधिकारियों से विचार

विमर्श करने उपरांत शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत के साथ प्रस्तुत किये गये 500-500 रूपये के 20 करंसी नम्बरी नोट कुल 10,000/- रुपये को फर्द सूचि नोट द्वारा कब्जा पुलिस मे लिया गया। फर्द पर शिकायतकर्ता गुरविन्द्र सिहं उपरोक्त ने अपनें हस्ताक्षर किये। दरखास्त उपरोक्त से शिकायतकर्ता गुरविन्द्र सिहं के विरूध शराब बेचनें सम्बधी मुकदमा दर्ज न करवानें की एवज में रिश्वत राशि 10,000/-रू की मांग करने पर सूरत जुर्म धारा 7, 7-ए भ्रष्टाचार निवारण अधीनियम-1988 व 120-बी भारतीय दण्ड संहिता का होना पाया गया है। व्हाटस-अप के माध्यम से श्री सुखबीर सिहं, कार्यकारी अभियन्ता, आप्रेशन डिविजन, उतरी हरियाणा बिजली वितरण निगम, अम्बाला शहर के राजपत्रित अधिकारी की नियुक्ति बारे आदेश प्राप्त हुये। राजपत्रित गवाह श्री सुखबीर सिहं, कार्यकारी अभियन्ता को सूचित करते हुये अपने साथ छाया गवाह लेकर हाजिर कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला आने बारे आग्रह किया गया। उच्च अफसरान के आदेशानुसार श्री सुखबीर सिहं, कार्यकारी अभियन्ता, आप्रेशन डिविजन, उतरी हरियाणा बिजली वितरण निगम, अम्बाला शहर बतौर राजपत्रित अधिकारी व श्री जय किशन, A.S.S.A,कार्यालय कार्यकारी अभियन्ता, आप्रेशन डिविजन, उतरी हरियाणा बिजली वितरण निगम, अम्बाला शहर छाया गवाह के साथ रेडिंग पार्टी में शामिल होने बारे हाजिर कार्यालय आये है, जिनको हालात रेड से अवगत कराकर शामिल रेडिंग पार्टी करके शिकायतकर्ता को राजपत्रित अधिकारी के सम्मुख पेश किया गया और शिकायतकर्ता द्वारा पेश किये गये नोटों की पहले से तैयार सूचि नोट राजपत्रित अधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत की गई । राजपत्रित अधिकारी द्वारा शिकायतकर्ता से सन्तुष्ट होते हुये मुताबिक सूचि नोट करंसी नोटों का मिलान किया गया व सूचि नोट को वैरीफाई किया । मन निरीक्षक द्वारा ब्रुश से करंसी नोटों पर फिनोल पैथालीन पाऊडर लगाकर शिकायतकर्ता की बाद लेने जामा तलाशी करसीं नोट हवाले शिकायतकर्ता करके हाथों को साबुन से अच्छी तरह से धोया। मन निरीक्षक मय स.उ.नि. बलौर सिहं न. 696/जीन्द, सिपाही सुरेश कुमार न. 517/अम्बाला के बा सवारी सरकारी गाड़ी HR03GV1432 जिसका चालक ई.एच.सी. कर्मजीत न.196/पंचकुला मय अन्य प्राईवेट गाड़ी सहित शिकायतकर्ता गुरविन्द्र सिहं व श्री सुखबीर सिहं, कार्यकारी अभियन्ता, आप्रेशन डिविजन, उतरी हरियाणा बिजली वितरण निगम, अम्बाला शहर बतौर राजपत्रित अधिकारी व श्री जय किशन, A.S.S.A, कार्यालय कार्यकारी अभियन्ता, आप्रेशन डिविजन, उतरी हरियाणा बिजली वितरण निगम, अम्बाला शहर/छाया गवाह को साथ लेकर रवाना मौका रेड का होता हूं । शिकायत पर लेख लिखकर अभियोग अंकित करवाने के लिये हवाले मोहरर थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला किया जा रहा है। कृप्या लेख पर अभियोग अंकित करके अभियोग की नकल मिशल मौका व स्पैशल रिपोर्ट ईलाका मैजिस्ट्रैट अम्बाला व अफसरान बाला की सेवा मे भिजवाई जाये। तफतीशी बैग, लैपटाप व प्रिन्टर हमराह लिया गया।
अज- थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला

sd.वरिन्द्र कुमार
निरीक्षक
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,
अम्बाला ।
दिनांक 23.08.2023
at. 7.05pm

अज थानाः- लिखित लेख उपरोक्त बाजुर्म उपरोक्त बर खिलाफ जसबीर एस.ए. थाना बलदेव नगर, विशाल उर्फ शीनू व महेशु थाना में प्राप्त होने पर अभियोगांक 21 दिनांक 23.08.2023 धारा 7, 7-ए भ्रष्टाचार निवारण अधीनियम-1988 व 120-बी भारतीय दण्ड संहिता थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला मण्डल, अम्बाला अंकित करके अभियोग की स्पैशल रिपोर्ट ई.उप निरीक्षक रघबीर सिंह न. 91/पंचकुला के निजद ईलाका मैजिस्ट्रैट साहब अम्बाला व नकल मिसल पुलिस मय असल लेख निजद अनुसंधानकर्ता मौका पर भेजी जा रही है । प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियां उच्चाधिकारीगण व सम्बंधित की सेवा मे बजरिया डाक भिजवाई जायेगी। ईन्द्राज रिकार्ड थाना विधिनुसार किया गया । यह अभियोग महिला निरीक्षक बिमला देवी न. 1272/अम्बाला की हाजरी मे दर्ज किया गया।

**13.** **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
**(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

**(1)** **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):** / **or ( या)**

**(2)** **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** VARINDER KUMAR **Rank (पद):** I (Inspector)

**No. (सं.):** 15 **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

**(3)** **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

**(4)** **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C. (आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** Mahabir

**Rank (पद):** Dy. SP (Deputy Superintendant of Police)

**No. (सं.):** insp

**14.** **Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

**15.** **Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** |
| 1 | Male | | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 2 | Male | | | | | **Is pox pitted:** Yes |
| 3 | Male | | | | | **Is pox pitted:** Yes |

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| **8** | **9** | **10** | **11** | **12** | **13** |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| Language/Dialect (भाषा/बोली) | Place of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| **14** | **15** | **16** | **17** | **18** | **19** | **20** |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**

**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**